प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक: 17.09.2026

*•थाना गोपीगंज पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास से संबंधित शातिर अभियुक्त अर्जुन कुमार गिरफ्तार*

*•कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (चाकू) बरामद।*

*घटना/गिरफ्तारी का विवरण:-*

दिनांक 09.09.2020 को रात्रि करीब 23:00 बजे मुकेश व अमित कुमार (निवासी बलीपुर, देहात थाना ज्ञानपुर, भदोही) के बीच शराब पीने-पिलाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के दौरान अभियुक्त अर्जुन कुमार ने अमित कुमार के गले पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया था, जिसके बाद वह फरार हो गया था। इस संबंध में थाना गोपीगंज पर मु०अ०सं० 373/2026 धारा 352/351(3)/109(1) बी०एन०एस० पंजीकृत किया गया था। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.09.2026 को उ०नि० श्री वीरेन्द्रनाथ यादव मय हमराह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर अभियुक्त अर्जुन कुमार को गिरफ्तार किया गया।

*गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-*

अर्जुन कुमार पुत्र विनय कुमार यादव, निवासी वार्ड 05 गोपीपुर, थाना ज्ञानपुर, जनपद भदोही उम्र करीब 28 वर्ष।

*बरामदगी का विवरण:-*

01 अदद आला कत्ल (लोहे का धारदार चाकू, कुल लंबाई लगभग आठ अंगुल)

*पूछताछ का विवरण:-*

अभियुक्त अर्जुन कुमार ने पूछताछ में जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि दिनांक 09.09.2026 की रात में शराब और गांजा पीने के लिए रस्सी काटने को लेकर उसका अमित कुमार से विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने गुस्से में आकर अमित कुमार के गले पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था और पुलिस से बचने के लिए छिपा हुआ था।

*गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-*

उ०नि० श्री वीरेन्द्रनाथ यादव, हे०का० अखिलेश सरोज, का० दिलीप सिंह (थाना गोपीगंज, भदोही)